प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित **"रोड सेफ्टी वीक 2023"** के अंतर्गत दिनांक 11.01.2023 को सड़क दुर्घटनाओं को रोकने हेतु सड़क सुरक्षा नियमों की सख्त पालना कितनी आवश्यक है - इस विषय पर एक पैदल रैली (WALKATHON) का आयोजन किया गया। जिस में मुख्य रूप से **"सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा"** विषय को लेकर यह सुरक्षित भारत अभियान यात्रा का शुभारंभ किया गया।

मुख्य अतिथियों के रूप में सेफ्टी ट्रेनिंग हेड इंचार्ज श्रीमती सीमा शर्मा, हीरो मोटोकॉर्प के प्रतिनिधि (चैनल पार्टनर), दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के ACP, S.I. और मुख्य निर्देशिका विकासपुरी ब्रह्माकुमारी विश्वविद्यालय से आदरणीय सतीश दीदी जी और अन्य सहयोगी बहने - राजकुमारी बहन, पूनम बहन, हेमा बहन, और भाइयों में श्री मोतीलाल भाई, एके शुक्ला भाई, एवं अन्य उपस्थित थे।

"जन-जन को समझाना है नया हिंदुस्तान बनाना है"

उपरोक्त शुभ संदेश हेतु यह रैली सुबह 11:00 बजे ट्रैफिक ट्रेनिंग पार्क, पंजाबी बाग से निकाली गई जो लगभग दोपहर 2:00 बजे तक चली। परमात्म स्मृति एवं सर्वोच्च सत्ता के आह्वान के साथ इस शुभ संदेश को जन-जन में फैलाने का कार्यक्रम आरंभ हुआ।

एसीपी ट्रैफिक पुलिस ने इस रैली को शुरू करने हेतु फ्लैग ऑफ किया और पूरे उमंग उत्साह के साथ भारी संख्या में लगभग 450 भाई बहनों ने भाग लिया।

रोड सेफ्टी वीक के अंतर्गत सड़क सुरक्षा के नियमों को पालन करना, अपनी व दूसरों की जान बचाना कितना आवश्यक है - यही प्रेरणा दी गई। जीवन रक्षा विषय को लेकर यह रैली सड़कों व गलियों में सामूहिक रूप से निकाली गई। इस रैली द्वारा जनता को सड़क दुर्घटना से बचने हेतु कई संदेश दिए गए :

--शराब पीकर गाड़ी ना चलाएं,

--सीट बेल्ट अवश्य लगाएं,

--हेलमेट पहना ना भूले,

--ओवरस्पीड पर गाड़ी ना चलाएं ,

--अनावश्यक ओवरटेक ना करें

--नाबालिक बच्चे वाहन ना चलाएं

--जेबरा क्रॉसिंग पर वाहन अवश्य रोके

--वाहन की रफ्तार धीमी रखें

--सड़क नियमों का ईमानदारी से पालन करें

इस प्रकार हम थोड़ी सी सावधानी और संयम से सड़क दुर्घटना में जाने वाली मासूम जानो को बचा सकते हैं।

"सावधानी हटी दुर्घटना घटी"

"ना जोशना मजबूरी हेलमेट पहनना है जरूरी"

"दुर्घटना से देर भली"

उपरोक्त सभी संदेशों को बड़े-बड़े बोर्ड व बैनर के माध्यम से पूरी रैली द्वारा जन जन में यही जागरूकता फैलाई गई। सबके जोश व उमंग उत्साह को देखकर भारी संख्या में जनता को भी प्रेरणा मिली। एक घंटे की पैदल यात्रा में एनसीसी (N.C.C.) व कॉलेज के नौजवान बच्चों ने भी भाग लिया। रैली में यही संदेश देने हेतु खूब नारे लगाए गए। VAN में सड़क सुरक्षा से संबंधित वीडियो भी चलाया गया जो पूरी रैली के दौरान चलता रहा।

इस प्रकार वहां उपस्थित सभी भाई बहनों को भी इन नियमों की धारणा एवं पालना हेतु संकल्प बद्ध करवाया गया।

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के, व अन्य उपस्थित सभी भाई बहनों ने प्रतिदिन राजयोग - मेडिटेशन के अभ्यास द्वारा अपने मन और बुद्धि को शांत रखना और पूरी एकाग्रता एवं धैर्यता से सड़क पर वाहन चलाने की प्रतिज्ञा भी करी। इस प्रकार "रोड सेफ्टी वीक" के अंतर्गत- इस विशाल रैली ने रोड सेफ्टी वीक के उद्घाटन के साथ-साथ आम जनता को यह संदेश पहुंचाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और एक अच्छा माध्यम साबित हुई।

भविष्य में इसी विषय अर्थ दिल्ली के और इलाकों में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा ऐसे शुभ संदेश जन-जन तक फैलाने और उन्हें इसके प्रति जागरूक करने की योजना है।

ओम शांति